सार-समाचार

पुरस्कार वितरण समारोह में खिलाड़ियों का सम्मान

भरतपुर (निसं)। लोहागढ़ स्टेडियम, भरतपुर में आयोजित 71वीं राजस्थान राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2026 के अंतर्गत आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विभिन्न वर्गों के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राहुल सैनी, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, भरतपुर रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. राकेश सोलंकी, वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ एवं निदेशक, सोलंकी हॉस्पिटल तथा अंकित गर्ग एवं प्रिया गर्ग, प्रख्यात व्यवसायी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजस्थान टेबल टेनिस संघ के सचिव संजय गहलोत, जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र सारस्वत, सचिव एवं आयोजन सचिव बन्नो ए. एंथनी, स्वागत समिति के अध्यक्ष राजेश चौधरी, संसाधन जुटाव समिति के अध्यक्ष रवि चौधरी, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र कुंतल तथा आयोजन समिति के सदस्य राजेन्द्र गोयल ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया। आयोजन सचिव बैन्नो एन्थौनी ने बताया कि समारोह में अंडर-19 बालक एवं बालिका टीम वर्ग तथा अंडर-17 बालक एवं बालिका व्यक्तिगत वर्ग के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफियां प्रदान की गईं। प्रतियोगिता के प्रमुख परिणाम अंडर-19 बालिका टीम वर्ग, प्रथम स्थान - जयपुर, द्वितीय स्थान - कोटा, तृतीय स्थान - भरतपुर एव बीकानेर , अंडर-19 बालक टीम वर्ग, प्रथम स्थान -जयपुर, द्वितीय स्थान - कोटा, तृतीय स्थान बीकानेर एवं चूरू ने प्राप्त किया। वही अंडर-17 बालक व्यक्तिगत मुकाबलो में प्रथम स्थान पर तुषार रामचंदानी (जयपुर), द्वितीय स्थान हिमांशु राठौड़ (चूरू) व तृतीय स्थान युवान बांकलीवाल एवं नैतिकवीर यादव (जयपुर) ने प्राप्त किया। इस प्रकार अंडर-17 बालिका व्यक्तिगत वर्ग मे प्रथम स्थान स्मृद्धि व्यास (जयपुर), द्वितीय स्थान राधिका सोनी (जयपुर) व तृतीय स्थान प्रियांशी शर्मा (कोटा) एवं आरना सहानी (जयपुर) ने हासिल किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत बुधवार, 25 नवम्बर को पुरुष युगल, महिला युगल एवं मिश्रित युगल वर्ग के मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं। इस समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. गौरव कपूर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, भरतपुर होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सचिन्द्र चतुर्वेदी, रजिस्ट्रार, सोसायटी, भरतपुर उपस्थित रहेंगे।

फुलेरा-सांभर जिला बनाने की मांग चर्चाओं से भी गायब

फुलेरा । फुलेरा-सांभर को जिला बनाने की मांग कभी पूरे क्षेत्र का बड़ा जनआंदोलन बन गई थी। सडकों पर हजारों लोगों का हुजूम, धरने-प्रदर्शन, बाजार बंद और जनप्रतिनिधियों की बुलंद आवाज ने सरकार तक यह संदेश पहुंचाया था कि क्षेत्र की जनता अब जिला गठन से कम पर मानने वाली नहीं है। लेकिन आज हालात ऐसे हैं कि जिस मांग को लेकर कभी पूरा क्षेत्र एकजुट नजर आता था, वही मुद्दा अब सियासी गलियारों और सार्वजनिक चर्चाओं से लगभग गायब होता दिखाई दे रहा है। सबसे बडा सवाल यह है कि आखिर फुलेरा-सांभर को जिला बनाने की मांग का क्या हुआ? क्या आंदोलन के दौरान किए गए वादे और संकल्प केवल भीड़ जुटाने तक सीमित थे? कभी इस मांग के समर्थन में आगे आने वाले जनप्रतिनिधि अब इस मुद्दे पर खुलकर बोलने से क्यों बच रहे हैं? जनता को आखिर कौन बताएगा कि जिला गठन की फाइल किस स्तर पर है और सरकार के सामने अब तक कितनी प्रभावी पैरवी की गई है । जिला गठन की मांग केवल राजनीतिक प्रतिष्ठा का विषय नहीं, बल्कि क्षेत्र के भविष्य और विकास से जुड़ा सवाल है। जिला बनने से प्रशासनिक कामकाज में सुविधा, सरकारी कार्यालयों तक पहुंच और क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। ऐसे में वर्षों से इस मांग को लेकर संघर्ष कर रहे लोगों के मन में निराशा बढ़ना स्वाभाविक है। क्षेत्रवासियों का सवाल है कि यदि जिला बनाने की मांग आज भी जीवित है तो फिर इसके लिए कोई संगठित प्रयास क्यों नजर नहीं आ रहा? क्या जनप्रतिनिधियों ने सरकार के सामने कोई नया प्रस्ताव रखा है? क्या मुख्यमंत्री और संबंधित विभागों तक क्षेत्र की भावनाएं पहुंचाई गई हैं? यदि प्रयास जारी हैं तो उनकी जानकारी सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही? अब समय आ गया है कि जनप्रतिनिधि इस मुद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़ें और जनता को वास्तविक स्थिति से अवगत कराएं। जरूरत पड़ने पर सभी राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों को एक मंच पर आकर फिर से आवाज बुलंद करनी चाहिए।

भंदे बालाजी में 4 दिसंबर को भव्य भजन संध्या

फुलेरा। भंदे बालाजी में 4 दिसंबर को आयोजित होने वाली विशाल भजन संध्या की तैयारियों को लेकर गुरुवार को आयोजन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं एवं आयोजन को भव्य बनाने के संबंध में विस्तार से चर्चा कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। आयोजक रौनक एवं तुषार शर्मा ने बताया कि भजन संध्या का आयोजन ग्राम पंचायत शार्दूलपुरा के खातियों की ढाणी निवासी बाबूलाल शर्मा एवं कांता शर्मा के सानिध्य में होगा । कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायक महावीर सांखला (नागौर), टी-सीरीज गायक कमलेश शर्मा, सुश्री अंकिता शर्मा एवं ब्रह्मवादिनी कंचन दीदी द्वारा भजनों की मधुर प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इस दौरान भंदे बालाजी का आकर्षक एवं अनुपम दरबार सजाया जाएगा। आयोजन को लेकर समिति के सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं।

केंद्रीय कारागार सेवर की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

भरतपुर (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने शुक्रवार को केंद्रीय कारागार सेवर का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी तंत्र एवं बंदियों की बैरकों की सुरक्षा सहित विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं की गहन समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान एसपी ने कारागार के प्रवेश एवं निकास द्वार पर होने वाली जांच व्यवस्था, परिसर में निगरानी तंत्र, बंदी बैरकों की निगरानी तथा सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों का अवलोकन किया। उन्होंने जेल प्रशासन से सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी भी प्राप्त की। पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

मैड़-कुंडला व विराटनगर में कांग्रेस का प्रधान पद पर कब्जा

पावटा। विराटनगर पंचायत समिति प्रधान पद के चुनाव में कांग्रेस ने शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए मैड-कुंडला और विराटनगर दोनों पंचायत समितियों में जीत का परचम लहरा दिया। दोनों ही जगह कांग्रेस प्रत्याशियों ने भाजपा प्रत्याशियों को 7-7 मतों के अंतर से करारी शिकस्त देकर प्रधान की कुर्सी पर कब्जा जमा लिया। खास बात यह रही कि दोनों पंचायत समितियों में चुनाव परिणाम पूरी तरह एक जैसे रहे। कांग्रेस प्रत्याशियों को 11-11 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशियों को महज 4-4 वोटों से संतोष करना पडा। दोनों जगह जीत के बाद कांग्रेस खेमे में उत्साह और जश्न का माहौल देखने को मिला। मैड़-कुंडला पंचायत समिति में प्रधान पद के लिए कांठोस की ओर से मीनाक्षी देवी और भाजपा की ओर से मनफूली देवी चुनाव मैदान में थीं। पंचायत समिति के कुल 15 सदस्यों ने मतदान प्रक्रिया में भाग लिया। मतगणना के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी देवी को 11 वोट प्राप्त हुए, जबकि भाजपा प्रत्याशी मनफूली देवी को 4 वोट मिले। इस तरह मीनाक्षी देवी ने 7 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज करते हुए प्रधान पद पर कब्जा जमा लिया। वहीं विराटनगर पंचायत समिति में भी कांठोस ने अपना दबदबा कायम रखा। यहां प्रधान पद के लिए कांठोस ने सुनीता यादव को प्रत्याशी बनाया था, जबकि भाजपा की ओर से मीरा यादव चुनाव मैदान में थीं। मतदान के बाद हुई मतगणना में कांठोस प्रत्याशी सुनीता यादव को 11 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी मीरा यादव के पक्ष में 4 वोट आए। इस प्रकार सुनीता यादव ने भी 7 मतों के अंतर से जीत हासिल कर प्रधान की कुर्सी पर कब्जा जमा लिया।

मैड-कुंडला और विराटनगर दोनों पंचायत समितियों में कुल 15-15 सदस्य हैं और दोनों जगह मतदान का परिणाम भी बिल्कुल समान रहा। कांठोस ने 11 वोट हासिल कर अपनी मजबूत स्थिति का प्रदर्शन किया, वहीं भाजपा को दोनों स्थानों पर 4-4 वोट ही मिल सके। प्रधान पद के चुनाव को लेकर सुबह से ही दोनों पंचायत समिति मुख्यालयों पर राजनीतिक सरगर्मियां तेज रहीं। प्रत्याशियों और समर्थकों में चुनाव परिणाम को लेकर उत्सुकता बनी रही। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा। परिणाम घोषित होते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने खुशी जाहिर की नवनिर्वाचित पावटा प्रधान पायल यादव, नवनिर्वाचित विराटनगर प्रधान सुनीता यादव, नवनिर्वाचित मैड कुंडला प्रधान मीनाक्षी, पावटा नगरपालिका चेयरमैन मीना अजय सैना को बधाई दी।



मैड-कुंडला और विराटनगर में कांग्रेस के प्रधान बनने पर जुलूस निकाल स्वागत किया।

- दोनों जगह कांग्रेस ने 11-4 के अंतर से भाजपा को शिकस्त दी, मीनाक्षी देवी और सुनीता यादव प्रधान बनीं

देवली पंचायत समिति में महादेव मीणा प्रधान बनी

देवली । पुलिस की कड़ी व्यवस्था के बीच देवली पंचायत समिति प्रधान पद के लिए शुक्रवार की दोपहर को चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई । देवली पंचायत समिति के प्रधान चुनाव में 18 सदस्यों ने कांग्रेस प्रत्याशी महादेव मीणा के समर्थन में मतदान किया। तो वहीं भाजपा प्रत्याशी धर्मराज मीणा को

कुल 6 सदस्यों का मत प्राप्त हुआ। एक सदस्य ने नोटा मे मतदान किया। ऐसे मे 18 सदस्यों का मत प्राप्त करके कांठोस प्रत्याशी महादेव मीणा देवली पंचायत समिति के प्रधान पद पर विजय घोषित हुए। इसी के साथ दूसरी बार कांग्रेस ने देवली पंचायत समिति में प्रधान पद पर अपना कब्जा बरकरार बनाए रखा। पंचायत प्रधान चुनाव में देखने वाली बात तो यह रही की मतदान प्रक्रिया के दौरान निर्दलीय एवं आरएलपी के निर्वाचित सदस्य सबसे पहले मतदान करने पहुंचे। इसी के साथ कुछ ही देर बाद भाजपा के निर्वाचित सदस्य मतदान करने पहुंचे। तत्पश्चात दोपहर साढे तीन बजे कांग्रेस के सभी निर्वाचित सदस्य और समर्थक एक साथ बस मे सवार होकर पंचायत समिति परिसर में पहुंचे।

इस दौरान ठामीण और शहरी कांग्रेस नेताओं के चेहरे पहले से ही खिले हुए दिखाई दिए। देवली नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ जिंदल और युवा नेता राहुल बलसोरा के साथ कांग्रेस कमेटी के अन्य सदस्य और कांठोसी नेताओ मे पहले से खुशी बनी हुई दिखाई दे रही थी। इसी के साथ देखा गया।

- 25 में से 18 सदस्यों ने कांग्रेस के महादेव मीणा को प्रधान चुना

चंदलाई बांध से नहरों में पानी छोड़ा

टोंक। बिसलपुर बांध परियोजना के कमांड क्षेत्र में स्थित चंदलाई बांध से रबी की फसलों की सिंचाई के लिए नहरों में पानी छोड़ा गया।

इससे क्षेत्र के किसानों को राहत मिलेगी। नहरी पानी से करीब 846 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। लंबे समय से पानी का इंतजार कर रहे किसानों में नहरों में पानी पहुंचने से खुशी है। इससे रबी की फसलों की समय पर सिंचाई हो सकेगी और कृषि उत्पादन बढ़ने की उम्मीद है।

चंदलाई बांध से नहरों में पानी छोडे जाने से कमांड क्षेत्र की करीब 846 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे किसानों को रबी की फसलों की सिंचाई के लिए पानी मिल सकेगा। क्षेत्र में लंबे समय से सिंचाई के लिए पानी का इंतजार कर रहे किसानों को नहरों में पानी पहुंचने से राहत मिली है।

उमरैण में कांग्रेस की जीत पर फूलबाग में जश्न, लड्डू बांटे

अलवर। उमरैण में कांग्रेस की जीत के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। जीत की खुशी में फूलबाग में जश्न मनाया गया। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह और राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। दोनों नेताओं ने कार्यकर्ताओं के साथ मिठाई बांटकर जीत की खुशी साझा की। वहीं टीकाराम जूली ने गाना गाकर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह ने उमरैण की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की तानाशाही के बावजूद जनता ने कांग्रेस का साथ दिया है। यह जीत सरकार के लिए एक बड़ा संदेश है। वहीं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने चुनाव के दौरान पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान पुलिस की मौजूदगी में जिस तरह के हालात बने हुए थे, उन्हें लेकर उन्होंने पहले ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया था, लेकिन इसके बावजूद उचित इंतजाम नहीं किए गए। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों के बावजूद जनता ने कांग्रेस का समर्थन किया और पार्टी को जीत दिलाई।

जूली ने कहा कि जनता का यह समर्थन आने वाले समय में कांग्रेस की मजबूती का संकेत है। उन्होंने दावा किया कि आगामी समय में राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

फूलबाग में आयोजित जश्न के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। मिठाई वितरण, नेताओं के स्वागत और जूली के गीत ने कार्यक्रम को उत्सवी माहौल में बदल दिया।

- टीकाराम जूली ने गाना गाकर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया, नेताओं ने जीत को बताया जनता के विश्वास का परिणाम

आचार्य सुन्दरसागर का निवाई में मंगल प्रवेश

टोंक। निवाई में शुक्रवार को युवाचार्य सुन्दरसागर महाराज ससंघ का मंगल प्रवेश हुआ, जहां सकल दिगम्बर जैन समाज ने जुलूस निकालकर उनका स्वागत किया। महाराज चातुर्मास के बाद सिद्ध चक्र महामंडल विधान के लिए निवाई पहुंचे हैं। मीडिया प्रभारी ने बताया कि आचार्य की अगवानी के लिए सुबह से ही श्रावक पहुंचने लगे थे। निवाई की सीमा पर जैन समाज की कमेटी और श्रावकों ने उनका स्वागत किया। इंद्र नितिन सपना छाबड़ा ने आचार्य को श्रीफल भेंट किया।

किशनगढ़ बास को मिली पहली मुस्लिम युवा महिला प्रधान

किशनगढ़ बास। पंचायत समिति किशनगढ़ बास की राजनीति में शुक्रवार को एक नया अध्याय जुड़ गया। प्रधान पद के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सकुनत के सामने एक भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ और उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। इसके साथ ही किशनगढ़ बास पंचायत समिति के इतिहास में पहली बार एक मुस्लिम महिला प्रधान की कुर्सी पर बैठी है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे मेवात में खुशी का माहौल है। निर्वाचन अधिकारी एसडीएम सत्यवीर सिंह यादव ने नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कांठोस प्रत्याशी सकुनत को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया । पंचायत समिति के 19 वार्डों में हुए चुनाव में कांठोस को 19 में से 10 वार्डों पर जीत हासिल हुई। भाजपा को 6, निर्दलीय दो और बसपा से एक प्रत्याशी को जीत मिली थी। स्पष्ट बहुमत होने पर प्रधान चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के सामने किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। कांठोस का बहुमत साफ था, इसलिए विपक्ष ने पर्चा ही नहीं भरा और सकुनत निर्विरोध प्रधान बन गईं। सकुनत पंचायत समिति के वार्ड 14 से सदस्य का चुनाव जीती हैं। 26 वर्षीय सकुनत बीएससी, एमएससी एठीकल्चर से हैं। पढी-लिखी, युवा और खेती-किसानी को समझने वाली प्रधान के रूप में क्षेत्र को उनसे काफी उम्मीदें हैं। सकुनत के पिता जमशेद दो बार क्षेत्र से सरपंच रहे हैं। पिता की सियासी विरासत और जनता के बीच पकड़ को सकुनत ने आगे बढ़ाया है। परिवार में सियासत नई नहीं है, लेकिन प्रधान की कुर्सी पर बैठना परिवार के लिए भी बड़ी उपलब्धि है। प्रधान पद पर निर्वाचित होने के बाद सकुनत सहित परिवारजनों एवं समर्थकों ने विधायक कार्यालय पर विधायक दीपचंद खेरिया व कांग्रेस पार्टी का आभार व्यक्त किया। इसके बाद विधायक दीपचंद खेरिया के साथ अलवर फूल बाग पहुंचकर जितेंद्र सिंह का गुलदस्ता भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। सकुनत के निर्विरोध प्रधान बनने की खबर फैलते ही समर्थकों में उत्साह छा गया। लोगों ने कहा कि युवा और शिक्षित प्रधान के आने से पंचायत समिति में विकास को नई गति मिलेगी।



एसडीएम सत्यवीर सिंह यादव ने किशनगढ़ बास में प्रधान पद पर निर्वाचित सकुनत को प्रमाण पत्र सौंपा।

- मेवात में खुशी का माहौल
- 26 साल की एमएससी एग्रीकल्चर सकुनत कांठोस टिकट पर निर्विरोध चुनी गई, सामने नहीं आया एक भी नामांकन

नम्बर मिलाइए
8890333139

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांकः4777 जाहिर आम-सूचना दिनांकः20.11.2026
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में फ्लैट संख्या 8/SA/1107 (11-F) (EWS), (एरिया 11.550 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्रीमती अतरो देवी पत्नी श्री बत्तू राम को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 4379 दिनांक 13.06.2025 को जारी किया गया। श्रीमती अतरो देवी की मृत्यु दिनांक 20.10.2025 को हो जाने के कारण अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर इनके उत्तराधिकारी श्री ओम प्रकाश पचेरवाल पुत्र श्री लादू राम पचेरवाल द्वारा उक्त फ्लैट को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त फ्लैट के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री ओम प्रकाश पचेरवाल पुत्र श्री लादू राम पचेरवाल का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
भवदीय, सम्पदा प्रबन्धक वृत-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्य/कार्यो हेतु कार्यपालक इंजीनियर (कारखाना) लोको-अजमेर के कार्यालय से ई निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। निविदा सं. : 07-वर्कशाप-अजमेर-2026-27 कार्य का नाम : अजमेर-रिनोवेशन ऑफ कैरिज ग्राउंड फॉर प्रोवाइडिंग फैसिलिटीज टू द स्पोर्ट्स रिलेटेड एक्टिविटीज फॉर स्टाफ ऑफ कैरिज वर्कशॉप। अनुमानित लागत : रु. 17942189.83 धरोहर राशि/बिड सिक्यूरिटी : रु. 358900.00 निविदा की अंतिम तिथी : 18.12.2026 को 15.00 बजे तक उपरोक्त ई निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी रेलवे की वैबसाइट www.ireps.gov.in पर तथा इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध हैं । 1685-DI/26
हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

आम सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री संदीप सिंह (आयु 47 वर्ष, आधार नं. 8697386440 17) तथा श्रीमती सोनू (आयु 44 वर्ष, आधार नं. 511337890406),अपने पुत्र आर्यन पंवार (आयु 20 वर्ष, आधार नं. 429064422933) से उसके आचरण एवं हमारे कहने में न चलने के कारण असंतुष्ट हैं। अतः हम उसे अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। भविष्य में उसे हमारी किसी भी संपत्ति में कोई अधिकार, हिस्सा, दावा अथवा हित नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति उसके नाम पर हमारी संपत्ति से संबंधित कोई कार्य करे तो वह अपने जोखिम एवं व्यय पर होगा।
मनोज कुमार सिंह (एडवोकेट)
राज. हाईकोर्ट जयपुर मो. 7742189421

नाम परिवर्तन
मैं मेरा नाम अनिता कुमारी से बदलकर अनिता कुमारी ढेवा पुत्री श्री शिश राम, निवासी दक्षिणी रोही, जमावय माता गेट, ढेवा धानी, पोसना, जिला झुंझुनू (राज) -333022 रख रही हूँ भविष्य में मुझे मेरे उक्त नये नाम से ही जाना जावे
मैंने अपने पुत्र का नाम ऋत्विज से बदलकर ऋत्विज मिठारवाल पुत्र ओम प्रकाश मिठारवाल रख लिया है। भविष्य में इसे इसी नाम से जाना जावें। पताः- ग्राम- पोस्ट खतेहपुरा, जिला- झुंझुनू (राज.)

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 67/2026
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि प्रार्थी श्री रविन्द्र कुमार गुप्ता ने पंजीकृत प्रन्यास सनातन भारत जागृति ट्रस्ट, 663 जयलाल मुंशी का रास्ता, हनुमान मंदिर के पास पहला चौराहा चांदपोल बाजार, जयपुर जिसका पंजीयन क्रमांक 163/जयपुर/2024 है के सम्बन्ध में राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रपत्र-8 प्रस्तुत किया। प्रन्यास की मीटिंग दिनांक 21.06.2026 में लिये गये निर्णय के अनुसार श्री सुभाषचन्द सेन द्वारा त्याग पत्र देने तथा श्री मनोज कुमार सिंह, श्रीमती ललिता गुप्ता का नाम दर्ज अभिलेख में दर्ज करने हेतु प्रपत्र-8 में आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 10.11.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 14.12.26
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

कार्यालय नगर परिषद, शाहपुरा, जयपुर (राज.)
Phone No. 01422-272066 Email Id. shahpura.jaipur@gmail.com
क्रमांक :- न.प.शा/2026-27/1812 आपत्ति आमंत्रण सूचना दिनांक-27/11/2026
सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियो द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन हेतु पट्टा एकीकरण हेतु आवेदन किया गया है। किसी को भी इस बाबत् आपत्ति हो तो 07 दिवस मे मय सबूत लिखित मे अधोहस्ताक्षरकर्ता को पेश करे। बाद अवधि विचार संभव नही होगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	स्थित भवन/भूमि का मौहल्ला रास्ता	खसरा नं.	कुल क्षेत्रफल (वर्गगज)	विशेष विवरण
1	श्री प्रभु दयाल, सरदार मल, हनुमान सहाय पुत्रान सेडुराम जाट, प्रहलाद सहाय चौधरी पुत्र श्री प्रभुदयाल चौधरी	एन.एच. 48 पलसानिया जयपुर पेराटाइज शाहपुरा	2222 (4016)	865.65 वर्गगज	पट्टा एकीकरण हेतु

आयुक्त, नगरपरिषद, शाहपुरा (जयपुर)

कृषि महाविद्यालय
(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर) खैमरी, बसेड़ी, धौलपुर 328027
क्रमांक :- प. ()/भण्डार/कृमब/2026/1142 दिनांक :- 25/11/2026
खुली निविदा सूचना
कृषि महाविद्यालय, बसेड़ी के वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान शैक्षणिक भ्रमण के लिए बस की आवश्यकता हेतु संबंधित खुली निविदा प्रपत्र वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in and www.sknau.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है एवं देखा जा सकता है। पूर्ण रूप से भरी हुई निविदाए दिनांक 01.12.2026 समय दोपहर 12:00 बजे तक जमा करवायी जा सकती है, प्राप्त निविदाए दिनांक 01.12.2026 को दोपहर बाद 2.00 बजे टैण्डर समिति द्वारा खोली जावेगी। NIB CODE : SKN2627A0285, UBN : SKN2627SSOB00316
राज.संवाद/सी/26/13715 अधिष्ठाता

प्रपत्र संख्या 7 देखिए नियम 21
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस समस्त संबंधित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
मुकदमा नम्बर 309/2026
चूंकि श्री अजीत सिंह बापना, निवासी बापना हाउस, जे 91, 92, हीराबाग, रामसिंह रोड़, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास हीयरिंग इम्प्रेयर्ड रिहैबिलिटेशन असिस्टेंस फाउण्डेशन, फ्लेट नम्बर 901, द पार्क सेन्ट्रल, जे 91, 92, हीराबाग, सवाई रामसिंह रोड़, जयपुर राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 10/11/26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 13/1/27
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर प्रथम

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुतफरिक) वाद सं. 1/26
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थीगण के नाम व विवाद स्थान श्रीमती मीनू पत्नि स्व. श्री जय प्रकाश, आयु 46 वर्ष, निवासी-14ए, तिरुपति बालाजी नगर, जयपुर, सांगानेर, राजस्थान।
मृतक स्वर्गीय श्री जयप्रकाश पुत्र स्व. श्री हीरा लाल की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक 28/11/26
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम श्री जयप्रकाश पुत्र स्व. श्री हीरा लाल, निवासी-(पुराना वार्ड नं. 22) नया वार्ड नं. 31, सतवाली ढाणी, तहसील चाकसू, जयपुर, राजस्थान के नाम प्रार्थना पत्र में वर्णित बीमा राशि के बाबत उत्तराधिकारी स्वीकार कर उनके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रदान किया जावे।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 28.11.26 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 19.11.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा से-शरिस्तेदार
न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
मोहर चाकसू, जयपुर महानगर प्रथम

भिवाड़ी इंटीग्रेटेड विकास प्राधिकरण
एच-5, भगत सिंह कॉलोनी, भिवाडी, अलवर
दूरभाषः 01493230819 ई-मेलःbida.bhiwadi@rajasthan.gov.in
क्रमांकः बीडा/आयोजना/2026/00235/4316/26 दिनांक : 27-11-26
सार्वजनिक विज्ञिप्त
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै0 इनसन इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड इवलपर्स प्रा0 लि0 जरिये निदेशक संजय यादव पुत्र श्री बलवन्त सिंह पता ग्रा